आकाशवाणी शिमला

29.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन दिनों हिमाचल प्रदेश के 5 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास पर हैं। राष्ट्रपति अपने प्रवास के चौथे दिन कल 30 अप्रैल को कांगड़ा ज़िला के पालमपुर स्थित चौधरी सरवण कुमार कृषि महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। इस अवसर पर राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता और कृषि मंत्री चंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान राष्ट्रपति मेधावियों को पदक व डिग्रियां भी प्रदान करेंगी। इस बीच ज़िला प्रशासन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं। सुरक्षा के मद्देनज़र पालमपुर और बैजनाथ उपमंडलों में पैरा ग्लाइडिंग, ड्रोन उड़ान, हॉट एयर बैलूनिंग सहित सभी एयरो स्पोर्ट्स व अन्य हवाई गतिविधियों पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है।

नगर निगम चुनाव

प्रदेश के 4 नगर निगमों पालमपुर, सोलन, धर्मशाला व मण्डी सहित 47 नगर परिषदों व नगर पंचायतों में 17 मई को होने वाले चुनावों के लिए आज से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन चुनावों के लिए नामांकन पत्र कल 30 अप्रैल और 2 मई को भी भरे जा सकेंगे। नामांकन दाखिल करने के पहले दिन आज नगर निगम सोलन और मण्डी में एक–एक उम्मीदवार ने अपने–अपने नामांकन पत्र भरे। उधर, धर्मशाला नगर निगम चुनाव के लिए 7 उम्मीदवारों ने अपने पर्चे भरे। धर्मशाला के उपमण्डल अधिकारी मोहित रतन ने बताया कि 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी जबकि 6 मई को दोपहर बाद 3 बजे तक उम्मीदवार अपने नाम वापिस ले सकेंगे। इसी दिन प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आबंटित किए जाएंगे।

विरोध प्रदर्शन

शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से गायनी ओ.पी.डी. को आई.जी.एम.सी. शिफ्ट करने के फैसले के विरोध में आज डॉक्टरों, नर्सों और पैरा मैडिकल कर्मियों ने काले बिल्ले लगाकर अपना असंतोष जताया और मुख्यमंत्री से इस फैसले को तुरंत वापिस लेने की मांग की। के.एन.एच. के चीफ फार्मासिस्ट ऑफिसर व अस्पताल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि इस फैसले से स्टाफ की कमी और बढ़ेगी जिससे महिलाओं को असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि रोबोटिक सर्जरी जैसी सुविधा आई.जी.एम.सी. के बजाय के.एन.एच. में ही शुरू की जानी चाहिए।

जनगणना

सिरमौर ज़िला मुख्यालय नाहन में जनगणना 2027 को लेकर नियुक्त किए गए फील्ड ट्रेनर्स के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 30 फील्ड प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। शिविर के समापन अवसर पर आज मास्टर ट्रेनर डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि लोग जनगणना कर्मियों के साथ जो जानकारी साझा करेंगे, उसे गोपनीय रखा जाएगा। वहीं मास्टर ट्रेनर डॉक्टर अनूप ने लोगों से जनगणना कर्मियों के साथ सही जानकारी उपलब्ध करवाने की अपील की।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए रहे और कुछ स्थानों में हल्की वर्षा होने का समाचार है। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है और तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज किन्नौर, चम्बा, लाहौल–स्पीति और कुल्लू ज़िला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा की संभावना जताई है। वहीं, चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, मण्डी और शिमला ज़िले में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि, वर्षा और तेज़ हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।